भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद
INDIAN COUNCIL OF AGRICULTURAL RESEARCH
कृषि भवन, डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद मार्ग, नई दिल्ली-110 114
Krishi Bhawan, Dr. Rajendra Prasad Road, New Delhi 110 114

फा.सं.रा.भा.2(1)/2018-हिन्दी

दिनांक :10 अप्रैल, 2018

परिपत्र

विषय : "भाकृअप में राजभाषा प्रबंधन की नई दिशाएं" विषय पर भाकृअप-क्रीडा,हैदराबाद में आयोजित की जा रही राष्ट्रीय कार्यशाला एवं प्रशिक्षण के संबंध में

परिषद मुख्यालय तथा भाकृअप - केन्द्रीय बारानी कृषि अनुसंधान संस्थान (क्रीडा) के समन्वय से हैदराबाद में दिनांक 24-25 अप्रैल, 2018 को **"भाकृअप में राजभाषा प्रबंधन की नई दिशाएं"** विषय पर आयोजित हो रही को दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला एवं प्रशिक्षण में आपका नामांकन स्वीकार किया जाता है। तद्नुसार निम्नलिखित बिंदुओं पर आपका ध्यान आकृष्ट किया जाता है:

1 उक्त **राष्ट्रीय कार्यशाला एवं प्रशिक्षण** का मुख्य उद्देश्य भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद में राजभाषा कैडर की कार्यप्रणाली को एकीकृत करना,राजभाषा कार्यान्वयन के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा करना, प्रभावी कार्यान्वयन से संबन्धित सुझाव देना तथा प्रतिभागियों को अद्यतन नियमों की जानकारी देने के साथ ही साथ उनकी क्षमता विकास कर उन्हें उनके दायित्वों और अधिकारों से परिचित कराना है।

2 प्रत्येक संस्थान से एक प्रतिभागी द्वारा राजभाषा कार्यान्वयन से संबन्धित आ रही प्रमुख दो समस्याओं का विवरण, यदि कोई हो तो, आमंत्रित किया जाता है जिससे उसका समाधान वैचारिक सत्र में किया जा सके ।

3 प्रत्येक संस्थान के प्रतिभागी से राजभाषा कार्यान्वयन से संबन्धित कोई **इन्नोवेटिव आइडिया** (नवीन विचार) जिसे उन्होंने अपने संस्थान स्तर पर लागू किया हो या लागू करना चाहते हैं, के बारे में संक्षिप्त आलेख (50-60 शब्दों में) आमंत्रित किया जाता है। अच्छे आलेखों को वैचारिक सत्र में प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया जाएगा।

4 उक्त कार्यशाला के प्रतिभागियों के लिए ठहरने की व्यवस्था क्रीडा -हैदराबाद द्वारा अतिथि-गृह मे की गई है। अतः सभी प्रतिभागी कृपया उक्त संस्थान को अपने दौरा कार्यक्रम की प्रति अवश्य भेजें।

5 कार्यशाला के दौरान होने वाले सत्रों से संबन्धित विवरण परिपत्र के साथ संलग्न है।

सीमा चोपड़ा 10.4.18

(सीमा चोपड़ा)

निदेशक (राजभाषा)